नामांक Roll No.

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

No. of Questions – **30**

# S-96-Hindi (D & D)

No. of Printed Pages – **8**

# माध्यमिक (मूक–बधिर) परीक्षा, 2018

## हिन्दी

समय : $4\frac{1}{4}$ घण्टे

पूर्णांक : 80

**परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश :**

(1) परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्न–पत्र पर नामांक अनिवार्यतः लिखें ।

(2) **सभी** प्रश्न हल करने अनिवार्य हैं ।

(3) प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर–पुस्तिका में ही लिखें ।

(4) जिन प्रश्नों के क, ख, ग, घ भाग हैं, उन सभी का हल एक साथ सतत् लिखें ।

## भाग – क

निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

नेहरूजी ने एक सभा में भाषण देते हुए इस बात पर बल दिया था कि छात्राओं को शिक्षा के साथ-साथ खेलों का महत्त्व भी समझना चाहिए । खेल शिक्षा का एक महत्त्वपूर्ण अंग है । खेद है कि आप खेलों की आवश्यकता को खूब समझते हैं पर खेल सामग्री के अभाव की ओर कभी आपका ध्यान नहीं गया । खेलों के अनेक लाभ हैं, ये स्वास्थ्य के लिए बड़े उपयोगी हैं । खेल अनुशासन, समय-पालन, सहयोग तथा सद्भावना का भी पाठ पढ़ाते हैं ।

1. खेल किसका महत्त्वपूर्ण अंग है ? **1**

2. खेलों से क्या लाभ हैं ? **1**

3. इस गद्यांश का शीर्षक लिखो । **2**

निम्नलिखित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

जिस धरती को तुमने सींचा
अपने खून-पसीनों से,
हार गई दुश्मन की गोली
वज्र सरीखे सीनों से
जब-जब उठी तुम्हारी बाहें होता वश में काल है ।
जिस धरती के लिए सदा
तुमने सब कुछ कुर्बान किया,
शूली पर चढ़-चढ़, हँस-हँस कर
काल-कूट का पान किया ।
जब-जब तुमने कदम बढ़ाया, हुई दिशाएँ लाल है ।

4. उपर्युक्त पद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए। **1**

5. कदम बढ़ाने पर दिशाएँ कैसी हुई हैं ? **1**

6. धरती को किससे सींचा गया है ? **2**

## भाग – ख

7. दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर निम्नलिखित विषयों में से किसी **एक** विषय पर लगभग **150** शब्दों का निबंध लिखिए : **8**

(अ) रक्षाबंधन

(i) प्रस्तावना

(ii) क्यों मनाया जाता है ?

(iii) कैसे मानया जाता है ?

(iv) उपसंहार

(ब) भारतीय संस्कृति का अनुपम उपहार–योग

(i) प्रस्तावना

(ii) योग का महत्त्व

(iii) योग की उपयोगिता

(iv) उपसंहार

(स) आदर्श विद्यार्थी जीवन

(i) प्रस्तावना

(ii) विद्यार्थी जीवन का अभिप्राय

(iii) विद्यार्थी जीवन के आदर्श

(iv) उपसंहार

(द) हमारा राष्ट्रीय पर्व–गणतंत्र दिवस

(i) प्रस्तावना

(ii) कब और क्यों मनाया जाता है ?

(iii) कैसे मनाया जाता है ?

(iv) उपसंहार

8. स्वयं को भरतपुर निवासी सुरेश मानते हुए मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वाने के लिए निर्वाचन अधिकारी को आवेदन लिखिए । **4**

**अथवा**

स्वयं को अभिषेक राजकीय उ. मा. वि., अजमेर का छात्र मानते हुए अपने प्रधानाचार्य को बीमारी के कारण तीन दिन का अवकाश प्रदान करने हेतु प्रार्थना–पत्र लिखिए ।

## भाग – ग

9. क्रिया की परिभाषा लिखिए एवं कर्म के आधार पर क्रिया के भेदों के नाम बताइए । **2**

10. 'कमरे में दादी बैठी है ।' वाक्य में कारक व काल बताइए । **3**

11. निम्नलिखित शब्दों का विग्रह कर समास का नाम लिखिए : **2**

    (i) यथाशक्ति

    (ii) राजपुत्र

12. निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध रूप में लिखिए : **2**

    (i) यह नाटक बहुत अच्छी है ।

    (ii) मेरे को इस विषय का ज्ञान है ।

13. निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ लिखिए : **2**

    (i) दाँत खट्टे करना

    (ii) आकाश के तारे तोड़ना

14. निम्नलिखित लोकोक्ति का अर्थ लिखिए : **1**

    अंधों में काना राजा

## भाग – घ

15. निम्नलिखित पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : **6**

विमल इन्दु की विशाल किरणें
प्रकाश तेरा बता रही है ।
अनादि तेरी अनन्त माया,
जगत को लीला दिखा रही है ।
प्रभो प्रेममय प्रकाश तुम हो
प्रकृति पद्मिनी के अंशु माली
असीम उपवन के तुम हो माली
धरा, बराबर बता रही है ।

**अथवा**

अभी न होगा मेरा अन्त ।
अभी–अभी ही तो आया है,
मेरे जीवन में मृदुल बसंत ।
अभी न होगा मेरा अंत ।
हरे–हरे ये पात,
डालियाँ कलियाँ कोमल गात ।

16. निम्नलिखित गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : **6**

जो लोग यह कहते हैं कि पुराने जमाने में यहाँ स्त्रियाँ न पढ़ती थी अथवा उन्हें पढ़ने की मुमानियत थी वे या तो इतिहास से अभिज्ञता नहीं रखते या जान–बूझकर लोगों को धोखा देते हैं । समाज की दृष्टि में ऐसे लोग दंडनीय है । क्योंकि स्त्रियों को निरक्षर रखने का उपदेश देना समाज का अपकार और अपराध करना है – समाज की उन्नति में बाधा डालना है ।

**अथवा**

गौरा वास्तव में बहुत प्रियदर्शनी थी, विशेषतः उसकी काली बिल्लौरी आँखों का तरल सौन्दर्य तो दृष्टि को बाँधकर स्थिर कर देता था । चौड़े उज्ज्वल माथे और लम्बे तथा साँचे में ढले हुए से मुख पर आँखें बर्फ में नीले जल के कुण्डों के समान लगती थी । उनमें एक अनोखा विश्वास का भाव भरा रहता था । गाय के नेत्रों में हिरन के नेत्रों – जैसा चकित विस्मय न होकर एक आत्मीय विश्वास ही रहता है ।

17. बसंत ऋतु के सौन्दर्य पर टिप्पणी लिखिए । **6**

**अथवा**

कवि कृपाराम के संकलित अंश के आधार पर वाणी के महत्त्व को स्पष्ट कीजिए ।

18. सागरमल गोपा को जेल में दी गई यातनाओं का वर्णन कीजिए । **6**

**अथवा**

दादू ने अपने शिष्यों को क्या शिक्षा दी ?

प्रश्न सं. **19** से **24** तक प्रश्नों के उत्तर **30** से **40** शब्दों में दीजिए ।

19. ऊधौ मन माने की बात ।

दाख छुहारा छांड़ि अमृत फल,

विषकीरा विष खात ।।

पंक्तियों का आशय लिखिए । **2**

20. 'गोस्वामी तुलसीदास' द्वारा रचित किन्हीं दो काव्य-ग्रंथों के नाम लिखिए । **2**

21. नायिका श्रीकृष्ण के साथ झूला क्यों नहीं झूल पाई ? देव द्वारा रचित पठित पद के आधार पर बताइए । **2**

22. 'प. लुप्तलोचन ज्योतिषाभरण' की क्या विशेषताएँ बताई गई हैं ? 'एक अद्भुत अपूर्व स्वप्न' पाठ के आधार पर उत्तर दीजिए । **2**

23. हामिद ने मेले में से क्या खरीदा और क्यों ? **2**

24. 'रामधारी सिंह दिनकर' ने ईर्ष्या की बेटी किसे कहा है और क्यों ? **2**

प्रश्न सं. **25** से **28** तक प्रश्नों के उत्तर एक पंक्ति में दीजिए ।

25. शिव धनुष किसने तोड़ा था ? **1**

26. सेनापति किस भाषा के कवि हैं ? **1**

27. लोक संत पीपा का जन्म कौन से राजवंश में हुआ था ? **1**

28. लोक संत दादू ने 'दादू पंथ' की स्थापना कहाँ की थी ? **1**

29. निम्नलिखित रचनाकारों का परिचय दीजिए : **4**

    (i) कृपाराम खिड़िया

    (ii) मुंशी प्रेमचंद

30. सड़क पर गाड़ी चलाते समय हमें कौन–कौन सी सावधानियाँ रखनी चाहिए । **4**

---